कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, छिन्दवाड़ा

क्रमांक / परीक्षा / 2023 / 5638 छिन्दवाड़ा, दिनांक 25/10/2023.

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शासकीय हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी स्कूल,
जिला छिंदवाड़ा

विषय :– माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणामों को उत्कृष्ट बनाये जाने हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में ।

संदर्भः– माध्यमिक शिक्षा मण्डल हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम सत्र 2022–23.

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित वर्ष 2022–23 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम काफी निराशाजनक था । इस वर्ष तिमाही परीक्षा परिणाम के विश्लेषण के अनुसार जिले के सभी स्कूलों में परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु कड़े प्रयास करने होंगे, इस हेतु कुछ सुझावात्मक उपाय निम्नानुसार हैं –

1. **क्विज प्रतियोगिता** – कठिन विषय जैसे– गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं अन्य विषयों को प्रति सोमवार विषय शिक्षक द्वारा 25–25 प्रश्न लघुउत्तरीय एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये जायें एवं सप्ताह के आखिरी दिवस शनिवार को कक्षा के अन्दर चार समूह बनाकर क्विज प्रतियोगिता कराई जावे ताकि छात्रों की तैयारी हो जाए एवं उनके उत्साह में भी वृद्धि हो सके । उक्त प्रश्न डेली डायरी में अंकित होना चाहिये जिसका निरीक्षण के दौरान अवलोकन किया जावेगा ।
2. **प्रतिदिन** – समस्त विषय शिक्षक अपने–अपने विषयों के 05–05 प्रश्न पाठ्यक्रम के ब्लूप्रिंट अनुसार बच्चों को लिखाकर उसे डेली डायरी में भी लिखे तथा प्रत्येक शनिवार को प्राचार्य को अपनी सुविधानुसार महत्वपूर्ण प्रश्नों का साप्ताहिक टेस्ट लेवें।
3. **उपस्थिति** – छात्र–छात्राओं की नियमित उपस्थिति हेतु उन्हें प्रेरित करें । प्रत्येक शनिवार को सप्ताह में सबसे अधिक उपस्थित वाले छात्र–छात्राओं को समीक्षा स्थल के मंच से सम्मानित करें । प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों द्वारा छात्र–छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल आने हेतु प्रेरित किया जावे तथा उनके अभिभावकों से भी सतत सम्पर्क रखा जावे ।
4. **तिमाही परीक्षा 2023–24**– तिमाही परीक्षा का विषयवार– शिक्षकवार विश्लेषण कर जिनके परीक्षा परिणाम कम हैं उन विषयों एवं शिक्षकों पर विशेष नजर रखी जावे एवं उन्हें अतिरिक्त कालखण्ड देकर उन विषयों में सुधार करने समय देवें एवं प्रेरित करें ।
5. **टीम वर्क**– प्रति सप्ताह शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल में टीम वर्क हेतु शिक्षकों से चर्चा करें जिसमें उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों को एक दूसरे से साझा कराया जाये ।
6. **वातावरण निर्माण**– स्कूल में एक स्वस्थ, सौम्य एवं कठिन विषयों को सरल तरीके से पढ़ने एवं उनको हल करने के तरीके बताकर कठिन विषयों से छात्रों के भय को दूर करने का प्रयास कर स्कूल में पढ़ाई का वातावरण निर्मित करें ।
7. **कठिन विषय**– कठिन विषयों के सूत्र, नियम एवं परिभाषाएं आदि के चार्ट / नोट्स बनाकर छात्रों को दिये जायें एवं उनकी कक्षाओं में लगाये जावें ।
8. **अनसाल्ड पेपर**– पिछले पॉच साल के अनसाल्ड प्रश्नपत्रों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के पैटर्न से अवगत कराते हुये उन्हें प्रश्नों को हल करने के तरीके बतायें जायें ।
9. प्रत्येक दिन विषय शिक्षक कुछ प्रश्न दें जिन्हें अगले दिन छात्र याद कर आयें । कालखण्ड के कुछ समय में उन प्रश्नों के उत्तर दें, उन्हीं छात्रों से पूछे जायें जो छात्र उत्तर देते हैं उनकी प्रशंसा की जावे । किसी भी छात्र को हतोत्साहित न किया जावे ।

Scanned with CamScanner

10. कठिन विषय वस्तुओं को शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से सरल तरीके से हल करने के उपाय बताये जायें।

11. जिन विषय वस्तुओं का अध्यापन पूर्ण हो चुका है उनका रिविजन कराया जावे ।

जिला शिक्षा अधिकारी
छिन्दवाड़ा

पृ.क्रं. / परीक्षा / 2023 / 5639 छिन्दवाड़ा, दिनांक 25 / 10 / 2023.

प्रतिलिपि –

1. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ ।
3. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
छिन्दवाड़ा

Scanned with CamScanner